दिल्ली के स्कूलों में चोरी

3152. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :
श्री राम गोपाल यादव :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय दिल्ली में कुल कितने सरकारी/गैर सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त और केन्द्रीय स्कूल हैं जिनके पास अपना भवन नहीं है और वे टैंटों में चल रहे हैं;

(ख) क्या यह सच है कि इन स्कूलों से टैंट, पंखे, कुर्सियां, मेज और प्रयोगशाला संबंधी उपकरण चोरी हो जाते हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या यह सच है कि रात के समय असामाजिक तत्व इन स्कूल परिसरों पर अपना कब्जा कर लेते हैं और वे अवांछित कार्य करने लगते हैं;

(ङ) यदि हां, तो ऐसे कितने स्कूल हैं जहां ऐसी घटनाएं होती हैं;

(च) क्या ऐसी गतिविधियों के रोकथाम हेतु सरकार ने कोई कारगर कदम उठाए हैं;

(छ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और

(ज) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) दिल्ली प्रशासन द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दिल्ली में चलाए जा रहे स्कूलों में से इस समय 110 स्कूल ऐसे हैं जो तंबुओं में चल रहे हैं ।

(ख) और (ग) यद्यपि केन्द्रीय विद्यालय संगठन और नई दिल्ली नगर पालिका ने इस बात की पुष्टि की है कि दिल्ली स्थित उनके स्कूलों में चोरी की कोई घटना नहीं घटी है, फिर भी दिल्ली प्रशासन ने 1992 में हुई छोटी-2 चोरियों के दो मामलों का उद्धरण किया है जो तुगलकाबाद विस्तार स्थित राजकीय सहशिक्षा सीनियर सेकेंडरी स्कूल से संबंधित हैं तथा प्रधानाचार्य द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

(घ) और (ङ) संबंधित एजेंसियों द्वारा कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है कि स्कूल परिसरों में असामाजिक तत्व अवांछित कार्य करते हैं ।

(च) और (ज) : संबंधित एजेंसियों द्वारा स्कूलों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए सामान्य सावधानियां बरती जाती हैं ।

Delay fat the release of Funds for caasfiruo tion of Class Booms in Andhra Pradesh

3153. DR. NARREDDY THULASI REDDY : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have released Rs. 2255.66 lakha to Andhra Pradesh for construction of 6185 class rooms under Operation Black Board for 1991-92; and

(b) if so, what are the reasons for the delay in releasing the amount ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) No, Sir.

(b) Under the scheme of Operation Blackboard, construction of school build-nigs is primarlly the responsibility of the